# यूपी को मिला मेडिकल डिवाइस पार्क

**सौगात**

राज्य मुख्यालय | विशेष संवाददाता

केंद्र सरकार ने देश में बनने वाले चार मेडिकल डिवाइस पार्क में एक की सौगात यूपी को दी है। अब केंद्र की मदद से यूपी का पहला मेडिकल डिवाइस पार्क गौतमबुद्धनगर में विकसित होगा। इसके लिए केंद्र सरकार से करीब 100 करोड़ रुपये का अनुदान मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताते हुए कहा कि निवेश की संभावनाओं को यह क़दम निश्चित रूप से और तेज़ी से आगे बढ़ाएगा।

सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि गौतमबुद्धनगर के यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण में 350 एकड़ भूमि में यह मेडिकल डिवाइस पार्क स्थापित किया जाएगा। इसमें 5,250 करोड़ रुपए का निवेश होगा। इसमें 20 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। यह पार्क दवा उत्पादन या चिकित्सकीय काम में प्रयोग आने वाले उपकरणों का हब बनेगा।

**100** करोड़ रुपये का अनुदान केंद्र सरकार से मिलेगा

## मुख्यमंत्री ने पार्क के लिए लिखा था पत्र

मुख्यमंत्री ने लखनऊ और नोएडा में ऐसे पार्क बनाने की स्वीकृति प्रदान करने के लिए केंद्र सरकार को पत्र लिखा। इस पत्र में मुख्यमंत्री ने लिखा था कि मेडिकल डिवाइस पार्क के निर्माण के लिए लखनऊ और नोयडा बिल्कुल उपयुक्त हैं।

## पहले चरण में 125 एकड़ में शेड बनेंगे

पहले चरण में 125 एकड़ में शेड बनाकर उद्योगों को आवंटित किए जाएंगे। दूसरे चरण में भी 225 एकड़ एरिया में यही योजना आएगी। विशाखापत्तनम में इसी तरह के मेडिकल डिवाइस पार्क बना है। यीडा के अधिकारियों ने विशाखापत्तनम का कुछ माह पूर्व दौरा भी किया था। प्राधिकरण ने हैदराबाद के कलाम इंस्टिट्यूट से मेडिकल डिवाइस पार्क की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनवाई है।